<u>हिंदी पखवाड़ा 2022 के अवसर पर</u>

<u>अपील</u>

'हिंदी दिवस' के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

भारत एक बहुभाषी देश है। यहां विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है। हिंदी ने इन विभिन्न भाषाओं के बीच संपर्क सूत्र का दायित्व निभाते हुए स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर अब तक इस विशाल, विविधतापूर्ण और बहुभाषी राष्ट्र को एक रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आज जब हम भारत की आजादी के 75 वर्ष " आजादी के अमृत महोत्सव" के रुप में मना रहे है तो हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि भाषा के प्रयोग के साथ हमारी संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत भी जुड़ी होती है। जब कोई समाज अपनी भाषा के प्रयोग को न्यून कर देता है या विस्मृत कर देता है तो वह अपनी संस्कृति से भी दूर हो जाता है, इसलिए यह आवश्यक है कि हम स्वभाषा का सम्मान और प्रयोग करें।

राजभाषा के प्रति सम्मान एंव सरकारी कार्य में हिंदी का प्रयोग सतत रुप से करने के संकल्प के तौर पर हम हर वर्ष **14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस'** के रुप में मनाते आ रहे है। हिंदी एक सरल, समृद्ध और सशक्त भाषा है। इसकी लिपि वैज्ञानिक है तथा यह जैसे लिखी जाती है वैसे ही बोली जाती है। कार्यालय के कामकाज में हिंदी को आसानी से प्रयोग में लाया जा सकता है।

हमारा मुख्य लक्ष्य उपभोक्ताओं के हितो की रक्षा है, जिसमें हिंदी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हिंदी में सरकारी काम-काज करने में गर्व का अनुभव करें। सार्थक प्रयास और सकारात्मक सोच रखें और हिंदी में कार्य करने की प्रवृत्ति अपनाएं।

हिंदी दिवस के अवसर पर मैं आप सभी से यह अपील करता हूँ कि आप सभी सरल और सुबोध भाषा का प्रयोग करके अपना कामकाज राजभाषा हिंदी में करें और अपने सहकर्मियों को भी हिंदी में काम करने के लिए प्रेरित करें।

जय हिंद !

प्रमोद

प्रमोद कुमार तिवारी

(महानिदेशक)